तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज दिनेश कुमार बनाम सरकार धारा 136 प्रकरण सख्या 53/2012	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
6/6/2022	राजस्व विविध प्रार्थना पत्र सख्या 53/2012 **दिनेश कुमार** बनाम तहसीलदार लूणी अन्तर्गत धारा 136 भू.राजस्व अधिनियम रेकर्ड दुरस्ती हेतु प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र पेंश किया गया जो दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस प्रेषित कर जॉच रिपोर्ट मंगवाई गई। बहस प्रार्थना पत्र पर सुनी गई। प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता अपने प्रार्थना पत्र मे तथ्यो को दोहराया गया। एवं सरहद मौजा ग्राम तनावडा तहसील लुणी के खसरा नम्बर 116 राजस्व रेकार्ड मे दर्ज अपना नाम रणछोड उर्फ दिनेश के स्थान पर दिनेश कुमार किये जाने का निवेदन किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया । जिसमे तहसीदार लूणी से जबाव/मय रिपोर्ट हेतु तहरीर जारी की गई तहसीलदार लूणी के पत्र कमाक/भूअ/2019/3063 दिनाक 16.10.2019 के तहत जॉच रिपोट प्राप्त हुई। जिसमे तहसीलदार द्वारा जमाबन्दी सवत 2072–75 मे प्रार्थीया का नाम ग्राम तनावडा के खसरा नम्बर 116 रकबा 3.00 बीधा मे खातेदारी के रूप मे रणछोड उर्फ दिनेश पुत्र रामलाल का नाम सहखातेदार के रूप मे पहले से दर्ज है अर्थात प्रार्थी का नाम सम्बन्धित जो शुद्दि चाह रहा है उसी के अनुरूप खाते मे प्रार्थी का नाम दर्ज है तथा इन तमाम परिस्थितियो मे प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य प्रतीत नही होता है। अत– प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 के स्वीकार योग्य नही होने से खारिज किया जाता हैं पत्रावली फेसल शुमार होकर दफ्तर दाखिल हो। सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, लूणी	